हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना
4









# गणेश विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचते हुए किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

शनिवार को गणेश विसर्जन के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया जब डीजे की धुन में नाच रहा एक किशोर अचानक ही अचेत होकर जमीन पर गिर गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत डीजे की तेज आवाज में नाचने के दौरान हार्ट अटैक से होने की संभावना व्यक्त की गई है। इधर इस घटना के बाद अस्पताल में चिकित्सक के मौजूद नहीं रहने का आरोप लगाकर लोगों ने हंगामा मचाया लेकिन परिजन की ओर से किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई है। ऐसे में बिना पीएम कराए ही शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बता दें कि शनिवार को नगर में गणेश प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महुआ पारा निवासी ठेकेदार विकास गुप्ता का 15 वर्षीय पुत्र विकास गुप्ता भी पहुंचा था। विसर्जन के दौरान प्रवीण गुप्ता डीजे की तेज आवाज के बीच नाच रहा था और नाचते नाचते वह जमीन पर गिर गया। प्रवीण के जमीन पर बेहोश होकर गिरने के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया और विसर्जन को लेकर लोगों का उत्साह भी शांत हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि गणेश विसर्जन के दौरान डीजे के उपयोग कर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन पुलिस की समझाइश और सख्ती के बाद भी समितियों ने डीजे का उपयोग किया। यह स्थिति बलरामपुर ही नहीं सरगुजा संभाग में देखने को मिली और ज्यादातर समितियों ने डीजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

## हार्ट अटैक आने से गिरा बेहोश होकर, अस्पताल में किया गया मृत घोषित

### खाली पेट लिया एनर्जी ड्रिंक

मृतक प्रवीन गुप्ता आत्मानंद स्कूल में कक्षा 8वीं का छात्र था। अब तक जो बात सामने आई है उसके अनुसार प्रवीण गणेश पूजन के कारण एक दिन पहले से उपवास रखा हुआ था और शनिवार को भी उसने कुछ नहीं खाया। लोगों का कहना है कि छात्र ने विसर्जन में जाने से पहले के लिए दो एनर्जी ड्रिंक पी लिया था ताकि उसे ताकत मिल सके। संभावना जताई जा रही है की खाली पेट एनर्जी ड्रिंक पीने से ही उसका बीपी अनियंत्रित हो गया होगा। इस दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचने के दौरान ही उसे हार्ट अटैक आया लेकिन छात्र को कुछ समझ नहीं आया होगा। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।



### परिजन ने नहीं कराया पीएम

घटना के बाद अस्पताल में कुछ लोगों ने चिकित्सक के कक्ष में मौजूद नहीं रखने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। लोगों का कहना था कि चिकित्सक 20 मिनट देर से अस्पताल में पहुंचे जबकि चिकित्सक अस्पताल में ही मौजूद थे। घटना हंगामे की सूचना मिलने के बाद एसडीएम देवेंद्र प्रधान और थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इधर मृतक के पिता ने किसी भी प्रकार की शिकायत पुलिस से नहीं की है और ना ही कोई आरोप लगाया है। उन्होंने लिखित में आवेदन देकर पीएम नहीं कराने की बात कही जिसके बाद पुलिस ने बिना पीएम किए ही शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। रविवार को गमगीन माहौल में छात्र का पीएम किया गया।

### नाचने के दौरान हुई मौत

गणेश विसर्जन के दौरान डीजे के सामने नाचते समय छात्र बेहोश होकर गिरा था। छात्र को अस्पताल में पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संभवतः कार्डियक अरेस्ट के कारण उसकी मौत हुई। परिजन ने लिखित में दिया है जिसके बाद शव बिना पीएम के ही परिजन के सुपुर्द किया गया।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आज से

**बलरामपुर।** छग राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में 8 से 13 सितम्बर तक विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एनके देवांगन ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यह आयोजन विद्यार्थियों में राज्य की उपलब्धियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उनके भीतर रचनात्मकता विकसित करने और समाज के साथ गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित करने हेतु किया जा रहा है। 8 सितम्बर को पुस्तक वाचन मेला एवं प्रदर्शनी, 10 सितम्बर को रजत जयंती रैली, 11 सितम्बर को संगोष्ठी-सेमिनार, 12 सितम्बर को प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता व 13 सितम्बर को एलुमनी मीट (भूतपूर्व छात्र सम्मेलन) किया जाएगा। सभी कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से उत्साहपूर्वक भागीदारी का आह्वान किया है। विशेष रूप से सेमिनार, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक विद्यार्थी 8 सितम्बर तक अपने नाम संबंधित संयोजक को दर्ज करा सकते है।

### संभागायुक्त कार्यालय में कलेक्टर कांफ्रेंस 10 को

**अम्बिकापुर।** आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग द्वारा सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, एमसीबी एवं जशपुर जिले का कलेक्टर कांफ्रेंस का आयोजन 10 सितम्बर को समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है। यह बैठक आयुक्त कार्यालय, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक के लिए निर्धारित एजेण्डा के अनुसार संबंधित जानकारी की सॉफ्ट कॉपी एवं पीपीटी कॉपी को अनिवार्य रूप से 08 सितम्बर तक ई-मेल पर प्रेषित करना होगा। सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर निर्धारित प्रारूप में जानकारी भेजने तथा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### गंगापुर गांव में कुएं में मिला युवक का शव

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के गंगापुर निवासी 18 वर्षीय युवक कमल प्रसाद पिता दुर्गा प्रसाद चौधरी का शव रविवार को कुएं में पड़ा हूआ मिला,वह पांच सितम्बर को घर से निकला था,पुलिस ने परिजनों के हवाले बताया कि कमल दो दिनों से घर पर नहीं था,उसकी खोजबीन कर रहे थे तभी उसका शव रविवार को खेत में स्थित कुएं में पड़ा मिला।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है,पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### बेटी व पत्नी से मिलकर आए युवक ने लगा ली फांसी

**अम्बिकापुर।** झारखंड अंतर्गत ग्राम गसेलीगंज निवासी अनवर अंसारी (28 वर्ष) शहर में मुर्गा बिक्री करने का काम करता था। बेटी व पत्नी की तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया था। दोपहर में अस्पताल में दाखिल बेटी व पत्नी से मिलकर घर आया और अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना जानकारी लगने पर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### एक बच्चे की मौत, 8 घायलों का चल रहा उपचार

# गणेश विसर्जन के दौरान भीड़ में घुसी तेज रफ्तार कार, 9 लोगों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- आरोपी चालक ने थाने में किया समर्ण, जांच में जुटी पुलिस

रविवार को गणेश विसर्जन के दौरान ग्राम आमा टोली में बड़ा हादसा हो गया। विसर्जन के दौरान शोभा यात्रा के साथ चल रही कार अनियंत्रित हो गई। चालक की लापरवाही से तेज रफ्तार कार भीड़ में घुस गई। इस दौरान कार लोगों को कुचलते हुए आगे निकल गई। इस घटना में कुल 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है जबकि 8 लोगों का उपचार जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामले में पुलिस द्वारा चालक को हिरासत में ले लिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बड़ी बात यह है कि आमाटोली से बगीचा की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है जहां कुछ दिन पहले गणेश विसर्जन के दौरान हादसा हुआ था। बताया जा रहा है कि रविवार को थाना अंतर्गत ग्राम आमा टोली में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था। विसर्जन के लिए गाजे बाजे के साथ झांकी निकाली गई थी और लोग नाचते गाते हुए ढेलसरा मांड नदी जा रहे थे। इस दौरान इसी जुलूस में शामिल होने के लिए अमित सिदार नामक युवक अपने दोस्त के साथ एक्सयूवी कार से पहुंचा हुआ था। भक्त झांकी को रोककर एक स्थान पर डांस कर रहे थे। शाम लगभग 5 बजे अमित सिदार ने चालक से कार खुद चलाने के लिए लिया और जैसे झांकी के आगे बढने पर उसने कार आगे बढाई उसने एक्सीलेटर तेज दबा दिया और कार अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई। कार के भीड़ में जाने के बाद चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार भीड़ में मौजूद लोगों को रौंदते हुए आगे निकलकर रुक गई।

इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस दौरान वाहन मालिक समेत अन्य लोगों ने निजी वाहनों से व्यवस्था कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इधर घटना के बाद चालक अमित सिदार ने थाने में पहुंचकर सरेंडर कर दिया है। पुलिस द्वारा आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।





अस्पताल में घायल ग्रामीण।

### रास्ते में तोड़ा दम

इस घटना में बच्चों समेत कुल 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। इनमें से 6 वर्षीय बालक रितेश आ. राजेश पैकरा की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में संध्या 22 वर्ष, सूरजमनी, 24 वर्ष, अनाया 7 वर्ष, अनीता 45 वर्ष, दिव्यासी 5 वर्ष, आसना 2 वर्ष, कान्ता 40 वर्ष व कल्पना 5 वर्ष का उपचार जारी है।

### अलग से कर रहे थे विसर्जन

इस घटना में बड़ी बात यह है कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन 6 सितम्बर को ही कर लिया गया था लेकिन आमाटोली के लोग रविवार को विसर्जन करने निकले थे। इस दौरान समिति की ओर से प्रशासन और पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई थी इस लिए वहां ना ही पुलिस टीम मौजूद थी और ना ही प्रशासनिक अधिकारी। ऐसे में घटना के बाद अफरा तफरी की स्थिति रही। अब अधिकारी इस मामले में जांच की बात कह रहे है।

### चल रही है जांच



विसर्जन के दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई। इस घटना में एक बच्चे की मौत हुई है जबकि अन्य घायल है। घायलों का उपचार चल रहा है। चालक को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा



# युद्धस्तर पर शुरू हुआ क्षतिग्रस्त गेरसा बांध की मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पोकलेन, जेसीबी सहित 10 वाहनों को लगाया
- मरम्मत के बाद पानी का बहाव हुआ बंद, आगामी दो दिन में मरम्मत पूरा करने का दावा

ग्राम गेरसा में शनिवार को टूटे सिंचाई बांध की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अधिकारी युद्धस्तर पर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत करा रहे हैं। दो दिन के मरम्मत के बाद बांध का बहाव बंद हो गया है। अधिकारी तीन दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत का कार्य पूरा कर लेने का दावा कर रहे हैं।

शनिवार को सुबह ग्राम गेरसा स्थित बांध अचानक फूट गया तथा तेज रफ्तार से बांध का पानी बहने लगा। दिन होने के कारण इसकी सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए तथा पानी का बहाव रोकने के साथ ही बांध की सुरक्षा में जुअ गए। शनिवार को बांध से बह रहे पानी को रोकने में सफलता नहीं मिली तो रविवार को पोकलेन, जेसीबी, दो हाईवा एवं 6 ट्रैक्टर को लगाकर पानी का बहाव रोका गया। विभाग द्वारा दूसरी जगह से मिट्टी मंगाकर बांध की मरम्मत की जा रही है। हादसे से बांध का 8 मीटर हिस्सा बह गया है वहीं पानी के तेज बहाव से बांध के किनारे बड़ा गड्ढा बन गया था। रविवार को बांध से पानी का बहाव रोकने के साथ ही गड्ढे को समतल किया गया। क्षतिग्रस्त बांध में मिट्टी भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा लगभग 25 फीसदी हिस्से की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। रविवार को बांध टूटने से फसल क्षति का आकलन करने राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी पहुंचे थे। राजस्व कर्मियों ने बांध टूटने से 3 एकड़ फसल बर्बाद होने का आकलन किया है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री अशोक कुमार निरंजन ने बताया कि बांध के 25 फीसदी क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। दो दिन के भीतर पूरे हिस्से की मरम्मत कर ली जाएगी। बांध टूटने से 1.7 मीटर पानी कम हुआ है। अभी भी बांध में पर्याप्त पानी है तथा रबी फसलों की सिंचाई के लिए खेतों तक पानी की आपूर्ति की जाएगी।

# यंग लीडर अवार्ड से सम्मानित किए गए ओझा

**अंबिकापुर।** संभाग अंतर्गत सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर जिला सहित अन्य जिलों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच किए जा रहे कार्यों के लिए सरगुजा साइंस ग्रुप एज्युकेशन सोसायटी के संस्थापक अंचल ओझा को प्रदेश की राजधानी रायपुर के सिविल लाईन स्थित न्यू सर्किट हाउस में यंग लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की तकनीकी सहयोगी संस्था छत्तीसगढ़ एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज, सर्वोहीत्तम एवं एनआईटी रायपुर द्वारा प्रदेश के पहले सीएसआर अवार्ड का आयोजन किया गया। सरगुजा साइंस ग्रुप एज्युकेशन सोसायटी वर्ष 2014 से लगातार प्रोजेक्ट इज्जत के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रही है। वही आवश्यकतानुसार महिलाओं व समूहों के मांग पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की तकनीकी सहयोगी संस्था छत्तीसगढ़ एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज, सर्वोहीत्तम एवं एनआईटी रायपुर द्वारा प्रदेश के पहले सीएसआर अवार्ड के आयोजन में थिंक सोशल इंपैक्ट अवार्ड 2025 के माध्यम से सरगुजा साइंस ग्रुप एज्युकेशन सोसायटी के संस्थापक अंचल कुमार ओझा को ⏭ शेष पेज 14 पर



### मांगों को लेकर कृषि अधिकारी करेंगे आंदोलन

**बैकुण्ठपुर।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी ने शासन की अनदेखी से नाराज होकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी। संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर बार-बार शासन को अवगत कराया गया, मगर समाधान की वजह सिर्फ आश्वासन ही मिला। संघ की प्रमुख मांगे हैं कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन 4300 ग्रेड पे फिक्स टीए 2500 प्रतिमाह किया जाए, मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप व स्टेशनरी के लिए संसाधन भत्ता, गैर विभागीय कार्यो से मुक्त लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ किया जाए। संघ के जिलाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा एवं समस्त कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी-कर्मचारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि 8 से एवं 9 सितंबर को समस्त अधिकारी काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15 सितंबर को तहसील व जिला स्तर पर रैली ज्ञापन साथ ही बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना एवं रैली निकालकर शासन को चेताया जाएगा।

### शनिवार देर शाम की घटना, करंट से झुलस गई थी दंतैल की सूंढ़, वन एवं राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ पीएम

# महाबीरगंज बस्ती में करंट से वयस्क दंतैल की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम महावीरपुर में बीती रात एक दंतैल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से वन अधिकारियों एवं ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात वन मण्डलाधिकारी आलोक बाजपेयी, उप वन मण्डलाधिकारी अनिल सिंह एवं एसडीएम आनंद नेताम वन एवं राजस्व अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं स्थितियों का जायजा लिया।

वन अधिकारी प्रथम दृष्टया दंतैल की मौत करंट से होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वन विभाग के लगातार हाथियों निगरानी करने के दावे के बावजूद मानव हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा हैं। बताया जा रहा है वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत रजखेता जंगल में भ्रमण कर ⏭ शेष पेज 4 पर



मृत दंतैल।

### पीएम में करंट से मौत होने की पुष्टि

वन अधिकारियों की उपस्थिति में डॉ.एसएस सेंगर, डॉ.देवेंद्र यादव, डॉ.अवनीश सोनवानी एवं एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय ने घटना स्थल पर ही दंतैल का पीएम किया। पीएम में दंतैल का सुंड करंट से झुलसा मिला। करंट से दंतैल के ह्रदय का खून काला पड़ गया था वहीं फेफड़ा, लीवर, किडनी सहित अन्य अंगों में हेमरेज होने के साक्ष्य मिले हैं। चिकित्सकों ने दंतैल की मौत करंट से होने की संभावना जताई है। सूक्ष्म जांच के लिए दंतैल के अंगों को संरक्षित किया गया है जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। चिकित्सक दंतैल की मौत शनिवार की शाम 8 बजे के आसपास होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### दोनों दांत किए गए संरक्षित

चिकित्सक मृत दंतैल को वयस्क एवं उम्र 20-22 वर्ष के बीच का बता रहे हैं। दंतैल के दांत 40 सेमी लंबे हैं। पीएम उपरांत दंतैल के दोनों दांत संरक्षित करने निकाल लिए गए हैं। पीएम उपरांत जेसीबी से बड़ा गड्ढा खोदकर घटनास्थल पर ही विधि विधान से दफना दिया। इस दौरान वन अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

### 18 अगस्त को किया था तोड़फोड़

बताया जा रहा है कि इसके पूर्व 18 अगस्त को एक दंतैल बस्ती में पहुंचा था एवं रामबरन के घर को पूरी तरह ढहा दिया। दंतैल द्वारा घर ढहाने के बाद रामबरन का परिवार पीएम आवास के एक कमरे में रह रहा है। वन एवं विद्युत अधिकारियों ने रामवरन के घर का निरीक्षण किया तो भोजन की कोई सामग्री नहीं मिली। उसके पास दंतैल के क्षति पहुंचाने योग्य खेती भी नहीं है। वन अधिकारी दंतैल द्वारा घर में तोड़फोड़ करने की संभावना पर करंट लगाने अथवा हुकिंग की विद्युत लाइन के संपर्क में आने से दंतैल की मौत होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। दंतैल की मौत होने के बाद ग्रामीण भय से सहमें हुए हैं तथा घटना के संबंध में कुछ खास जानकारी नहीं दे रहे हैं।

### चल रही जांच

दंतैल के मौत के मामले की जांच चल रही है। ग्रामीणों द्वारा लम्बी दूरी से हुकिंग कर घरों तक बिजली पहुंचाने के साक्ष्य मिले हैं। करंट की बाड़ लगाने अथवा हुकिंग की बिजली के संपर्क में आने से दंतैल की मौत हुई है, इसकी जांच की जा रही है। दंतैल के दोनों दांत संरक्षित किए गए हैं।

-अनिल सिंह पैकरा
उपवन मण्डलाधिकारी, बलरामपुर

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए नीतू सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** छात्रों के सर्वांगीण विकास और बेहतर व्यक्तित्व के लिए निरंतर प्रयास कर रही शिक्षिका नीतू कुशवाहा को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षक पुरस्कार के अंतर्गत ज्ञान दीप पुरस्कार से अलंकृत किया गया। शिक्षिका श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि यह प्रेरणा उन्हें और अधिक लगन, उमंग और निष्ठा से कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

### सूतक काल में बंद रहे मंदिरों के पट



**बैकुण्ठपुर।** रविवार की रात्रि में वर्ष का अंतिम पूर्ण चंद्रग्रहण लगा। इसके चलते दोपहर में ही शहर के मंदिरों में पट श्रद्धालुओं के पूर्व अर्चना के लिए बंद कर दिए गए। जानकारी के अनुसर चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पूर्व सूतक लगने के कारण दोपहर 12:57 पर मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। इस तरह शहर के सभी मंदिरों के पट दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए बंद हो गए, इसके अगले दिन सोमवार को सुबह विधि-विधान के साथ गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया जाएगा, इसके बाद सभी बंद मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन तथा पूजा-अर्चना के लिए खुल जाएंगे। सूतक लगने के दौरान लोग अपने घरो में ही जप तप भजन-कीर्तन कर सकते हैं, लेकिन सूतक के दौरान मंदिरों में पट बंद रहने के कारण पूजा-अर्चना वर्जित है, वहीं सूतक के दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता।

### विश्रामगृह में अब बिना अनुमति प्रवेश वर्जित

**मनेन्द्रगढ़।** अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि मनेन्द्रगढ़ स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह का आवंटन अब केवल अनुविभागीय दंडाधिकारी अथवा जिला सत्कार अधिकारी की अनुमति से ही किया जाएगा। शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और सत्कार संबंधी प्रचलित नियमों के अनुरूप विश्रामगृह का उपयोग होगा तथा इसमें केन्द्र, राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत अतिथियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना अनुमति किसी भी निजी या अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश विश्रामगृह में पूर्णतः निषेध रहेगा। प्रत्येक आवंटन के लिए पूर्व स्वीकृति तथा बुकिंग रजिस्टर में प्रविष्टि अनिवार्य होगी। विश्रामगृह परिसर में वाहनों की पार्किंग की अनुमति केवल अधिकृत आगंतुकों और शासकीय वाहनों को ही होगी।

### चाकूबाजी की घटना में युवक की हुई थी मौत

# आरोपी गिरफ्तार, शहर में निकाला गया जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 5 सितंबर की रात स्टेशन रोड पर हुई चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।

इस घटना में युवक करण राठौर की मौत हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें 2 अपचारी बालक भी शामिल हैं। वहीं एक आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मौके पर स्वयं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह पहुंचे और जांच कर फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबीरों और लगातार प्रयासों से पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा कर आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार चाकू को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में ऋतिक मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 स्टेशन रोड भावेश पाटील उम्र 26 वर्ष निवासी जलगांव महाराष्ट्र, रशीद खान उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़, अमन केवट उर्फ बुटई उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 बस स्टैंड मनेन्द्रगढ़, सचिन जैन उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़, प्रभात सौंधिया उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 स्टेशन रोड मनेन्द्रगढ़ एवं अपचारी बालक फरार आरोपी अक्कू उर्फ अकरम है। इस मामले में थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 150/2025 धारा 103 (1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हत्या के आरोपियों को पकड़ने में टीम निरीक्षक दीपेश सैनी, उपनिरीक्षक सुनील तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, किशन चौहान, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, रवि शर्मा, नीरज पढ़ियार, राकेश शर्मा, सुनील रजक, आरक्षक मंगल मूर्ति, उतरा कश्यप, प्रदीप लकड़ा, रोशन उके, परमीत सिंह, शाहबाज अंसारी आदि सक्रिय रहे।

■ एमसीबी पुलिस ने चाकूबाजी की घटना का किया खुलासा



आरोपियों का निकाला जुलूस।

### कोतवाली पुलिस ने निकाला हत्या के आरोपियों का जुलूस

मनेन्द्रगढ़ में शुक्रवार की रात स्टेशन रोड पर हुई युवक की जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद शनिवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपियों का पूरे शहर में जुलूस निकालकर उन्हें जनता के सामने पेश किया। शुक्रवार को देर रात स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि धारदार हथियार से युवक पर हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान करण राठौड़, निवासी वार्ड क्रमांक-2 के रूप में हुई। इस वारदात से पूरे शहर में सनसनी फैल गई और गुस्साए लोगों ने आरोपियों की कड़ी सजा की मांग की थी। जुलूस के दौरान काफी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए। लोगों ने मृतक को न्याय दिलाने की मांग करते हुए आरोपियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। इस बीच पुलिस अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।



# सेवा पखवाड़ा अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय छिन्दडांड में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप जुदेव एवं जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में कार्यशाला संपन्न हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जुदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर विकसित भारत का संकल्प 2047 तक पूरा करने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेनद्र मोदी का जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद और चित्रकला जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने इस अभियान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कपिल जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन पंकज गुप्ता ने किया।

■ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल रहे मौजूद

# रामानुज पीजी कॉलेज में एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में भूतपूर्व विद्यार्थियों का प्रथम एल्युमनी सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि शासन के निर्देशानुसार कॉलेज में एल्युमनी एसोसिएशन का गठन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से पूर्व छात्र हर वर्ष मिलकर वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव मिश्र व वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.प्रीति गुप्ता ने भी एल्युमनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व छात्र राष्ट्रपति पदक से सम्मानित डॉ.महेश कुमार मिश्रा ने एनएसएस से मिली शिक्षा को अपने जीवन की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण बताया। राजीव गुप्ता, विमल कुमार पुरी, लव कुमार राजवाड़े, शबाना बेगम सहित अन्य पूर्व विद्यार्थियों ने अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। संचालन डॉ. कुलदीप ओझा एवं श्रीमती कंचन जायसवाल ने किया।

आयोजन समिति में भूपेन्द्र सिंह, डॉ. रामयश पाल, डॉ. सचिन सिंह, श्रीमती सपना जायसवाल सहित कई प्राध्यापकों व कर्मचारियों का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थी व प्राध्यापक।

### मेश्राम को मिला सीएम शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार


**सोनहत।** वनांचल क्षेत्र की शिक्षिका एवं शासकीय बालक प्राथमिक शाला घुघरा की प्रधान पाठक श्रीमती पमिता मेश्राम को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षक दिवस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, सोनहत-भरतपुर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं जिला शिक्षा समिति उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े के करकमलों से प्रदान किया गया। श्रीमती मेश्राम को यह सम्मान विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, उत्कृष्ट प्रिंट रिच वातावरण निर्माण, अभिभावकों से संवाद बढ़ाने तथा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया, इससे पूर्व वे शासकीय प्राथमिक शाला बेलिया में कार्यरत रहीं, जहां उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में विशेष योगदान दिया।

# कॉलेज के विद्यार्थी आज निकालेंगे मौन रैली

**बैकुंठपुर।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद से शुरू हो गया।

कालेज परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के विरोध में अब शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज के साथ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी लामबंद हो गए हैं, ऐसे में अब विरोध निर्णायक स्थिति में पहुंच सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व छात्र -छात्राओं के द्वारा कॉलेज बचाओं अभियान की शुरूआत 8 सितंबर से कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रातः 10:30 बजे से छात्र-छात्राओं के द्वारा कालेज परिसर से मौन रैली निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्ग से होकर कुमार चौक, फवारा चौक, गांधी उद्यान से होकर वापस कालेज परिसर पहुंच कर समाप्त होगी, इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीजी कॉलेज परिसर के पास बीते दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन विधिवत कर दिया गया, इसके बाद से ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण को लेकर विरोध शुरू हो गया और इसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चुका है,लेकिन इस पर कोई बदलाव का निर्णय नहीं लिया गया, ऐसे में निर्माण कार्य भूमिपूजन वाले स्थान पर ही शुरू होगा, इसे गंभीरता से लेते हुए पीजी कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 6 सितंबर से मौन रैली विरोध दर्ज कराएंगे और फिर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ जाएंगे।

■ एसपी कार्यालय निर्माण का कर रहे विरोध



# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूल के लिपिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञातव हन की टक्कर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोंडेकेल में पदस्थ बाबू की मौत हो गई। मृतक के भाई की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार विक्रम सिंह ठाकुर ने पुसौर थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसका मंझला भाई श्याम सिंह ठाकुर सोंडेकेल में सहायक ग्रेड 3 के पद पदस्थ है और वह अटल आवास पुसौर में मां के साथ रहकर ड्यूटी करते आ रहा था। विक्रम ने बताया कि शनिवार की रात सवा 8 बजे उसका भाई श्याम सिंह ठाकुर घर जा रहा था। इस दौरान जब वह आरा मिल के सामने छिंच मेन रोड के पास पहुंचा ही था कि सामने की तरफ से रहे अज्ञात चारपहिया वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल अवस्था में श्याम सिंह ठाकुर को पुसौर सिविल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां प्रारंभिक इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

### कटगोड़ी में बिजली आपूर्ति ठप

**कटगोड़ी।** कोरिया जिले के ग्राम कटगोड़ी में बीते कई दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गुल रहने से न केवल घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि छात्रों की पढ़ाई और आवश्यक दैनिक काम भी बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आए दिन ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता हैं। समस्या की शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। लगातार बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालयी छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी सहित सभी सम्मानित शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों में नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाटिका शामिल थीं, इनमें छात्रों ने शिक्षकों के महत्व और उनके मार्गदर्शन को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तिवारी ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं होते, बल्कि वे हमारे चरित्र, विचार और भविष्य का निर्माण करते हैं। वे हमें न केवल पढ़ाते हैं, बल्कि सही और गलत में अंतर समझाते हैं, कठिनाइयों से लड़ना सिखाते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के हमारे सभी शिक्षक हमारे जीवन के प्रकाश स्तंभ हैं। यहां के शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें एक अच्छा इंसान बनने का मार्ग भी दिखाते हैं, आप सबकी मेहनत और समर्पण से ही यह विद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक शिक्षक का कार्य केवल आपको पाठ्यक्रम की बातें सिखाना नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला, अनुशासन और मूल्यों का महत्व भी सिखाना है। हमारे विद्यालय के शिक्षक इस बात का ध्यान रखते हैं कि यहां आने वाला हर बच्चा न केवल विद्वान बने, बल्कि एक सदाचारी, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक के रूप में विकसित हो।




### पितृपक्ष शुरू, पितरों का किया जाएगा तर्पण

**बैकुंठपुर।** भाद्रपद मास के पूर्णिमा तिथि को चंद्रग्रहण के साथ ही श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हुई जो आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या के साथ समाप्त होगी। इस दौरान लोग अपने दिवंगत पितरों का श्राद्ध तर्पण करेंगे। धार्मिक मान्यता अनुसार पितृपक्ष में पितर धरती मेहमान बनकर आते हैं। इस दौरान उनका श्राद्ध, तर्पण, पिंड दान करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इसी मान्यता को लेकर लोग अपने पितरों का श्राद्ध तिथि अनुसार करते हैं, जिससे पितर प्रसन्न होकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यही कारण है कि पितृपक्ष को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि जिन लोगों को पितृदोष होता है, उनके लिए यह महत्वपूर्ण तथा फलदायक समय होता है। इस दौरान अपने विधिवत पितरों के श्राद्ध तर्पण करने से पितृदोष दूर होता है। इसके लिए बड़ी संख्या में लोग बिहार के गयाजी जिले में जाते हैं, जिससे गयाजी जाने वाली बसों में सीटों के लिए मारामारी शुरू हो चुकी है। यहां पितृपक्ष में लोग अपने पितरों का तर्पण तिथि के अनुसार करते हैं, लेकिन जिन जातकों को अपने पितरों के तिथि ज्ञान नहीं है या संशय की स्थिति है तो ऐसे लोग सर्वपितृ अमावस्या को तर्पण कर सकते हैं। यह पक्ष एक धार्मिक परंपरा न होकर अपने दिवंगत पितरों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर होता है।

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जॉच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
Health Insurance & TPA
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप




### विधायक ने किया कवच के पार पुस्तक का विमोचन

**अंबिकापुर।** युवा लेखक प्रशांत चतुर्वेदी की नई कृति कवच के पार का विमोचन रविवार को सीतापुर स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने लोकार्पण किया जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार गुप्ता एवं मोहन बंसल मौजूद रहे। यह प्रशांत चतुर्वेदी की दूसरी पुस्तक है। इससे पूर्व उनका यात्रा संस्मरण स्वर्ग की अनुभूतिः केदारनाथ यात्रा प्रकाशित हो चुकी है। नया उपन्यास आत्म खोज, त्याग और प्रेम जैसे गहन विषयों पर केंद्रित है, जिसमें प्रमुख पात्र सूरज की जीवन यात्रा हर व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष का प्रतीक है। विमोचन के बाद कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ जिसमें श्रीमती मधु गुप्ता, कृष्ण मोहन निगम, श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती अनिता तिवारी और प्रकाश गुप्ता ने काव्य पाठ किया। संचालन सुशील मिश्रा ने किया तथा आभार प्रिया चतुर्वेदी और प्राची चतुर्वेदी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर सीटी ब्लास्ट से घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

**बिश्रामपुर।** रविवार को बिश्रामपुर स्थित 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत इनकमिंग 132 केवी लाइन का करंट ट्रांसफार्मर सीटी में



तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। विस्फोट की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए,घटना से पूरे उपकेंद्र में अफरा-तफरी मच गई,लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई,इस ब्लास्ट के बाद उपकेंद्र से निकलने वाली सभी 33 केवी लाइनें बंद हो गईं,इसके कारण बिश्रामपुर शहर समेत दर्जनों गांवों में पूरी तरह विद्युत सप्लाई बाधित हो गई।बिजली कटने से घरों में रोजमर्रा का काम प्रभावित हो गया,बाजारों में काम प्रभावित हो गया और इंटरनेट सेवा भी बाधित हो गई, इसमें ज्यादातर छोटे व्यवसायियों और दुकानदारों को खासा नुकसान उठाना पड़ा,धमाके की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात इंजीनियरों और कर्मचारियों ने कंट्रोल रूम को सूचित कर आपातकालीन मरम्मत कार्य शुरू किया,ब्लास्ट से निकली चिंगारियों के कारण उपकेंद्र परिसर में आग लगने का खतरा भी था,लेकिन कर्मचारियों की सतर्कता से हालात काबू में आ गए,घंटों बाद आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी है,तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि सीटी करंट ट्रांसफार्मर बिजली की माप और सुरक्षा का अहम उपकरण है,इस तरह का ब्लास्ट आमतौर पर अधिक लोड,पुरानी उपकरण प्रणाली,नमी या समय पर निरीक्षण न होने के कारण होता है,सूत्र बताते हैं कि बिश्रामपुर उपकेंद्र की कई मशीनें और उपकरण पुराने हो चुके हैं,जिनकी बदहाली बार-बार तकनीकी खराबी का कारण बन रही है,बिजली विभाग के अनुसार उक्त घटना सीटी के ओवरहीटिंग और तकनीकी फॉल्ट के कारण हुई है।

## निधन

### कमलाकांत तिवारी

**अम्बिकापुर।** चोपड़ापारा निवासी अवकाश प्राप्त व्याख्याता कमलाकांत तिवारी का रविवार



को निधन हो गया। वे 81वर्ष के थे तथा पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एसके त्रिपाठी के ज्येष्ठ भ्राता एवं राजस्व विभाग में कार्यरत अजय कुमार तिवारी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 9 बजे किया जाएगा।



विसर्जन केदौरान गणेश प्रतिमा की आरती करते समिति के सदस्य।



कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासी।

### देर रात तक चलता रहा विसर्जन

# अनंत चतुर्दशी पर सांस्कृतिक संध्या गणेश झांकियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- घड़ी चौक में देर रात तक चलता रहा सांस्कृतक आयोजन

बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति ट्रस्ट द्वारा अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विवेकानंद चौक पर भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर में विगत 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का समापन पर्व रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की वंदना से हुआ। गायिका बबिता विश्वास एवं गायक बृजेश शर्मा और उनकी टीम ने भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में विष्णु एवं टीम द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव के स्वरूप में शिव तांडव नृत्य ने संध्या को ऊर्जामय बना दिया। विशेष आकर्षण रही जबलपुर की पारंपरिक झांकियाँ, जिन्होंने गणेश भक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। नगर के विभिन्न पंडालों से निकली गणपति झांकियां रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुँचीं और श्रद्धालुओं को भगवान गणेश के अद्भुत स्वरूप के दर्शन कराए। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया, नीलेश सिंह, राजीव अग्रवाल, गोल्डी बिहाड़े, हरमिंदर सिंह टिन्नी, मनीष सिंह, राजेश सिंह एवं समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह एवं उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी झांकियों एवं आयोजक पंडालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति द्वारा घोषणा की गई कि गणेशोत्सव के दौरान नगर के पंडालों का मूल्यांकन किया गया है तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार 14 सितम्बर, रविवार को प्रदान किए जाएंगे। भव्य आयोजन में विशेष रूप से मेजर अनिल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता, बाल कृष्ण पाठक जिला अध्यक्ष कांग्रेस, मंजूषा भगत महापौर, विश्व विजय सिंह तोमर अध्यक्ष युवा आयोग, निरूपा सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, दिव्या सिंह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा वरिष्ठ भाजपा नेता, शफी अहमद नेता प्रतिपक्ष, विद्यानंद मिश्रा ,हरपाल सिंह भामरा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मधुसूदन शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष, जन्मेजय मिश्रा, विनोद अग्रवाल, प्रकाश राय, विवेक दुबे, निश्चल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, संजय अंबष्ट, अंबिकेश केशरी, कमलेश तिवारी, अजय सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी और जयकारों के बीच गणपति बप्पा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बिश्रामपुर और आसपास का क्षेत्र शनिवार देर शाम से भक्ति, उत्साह और उल्लास में डूबा रहा, मुख्य बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण तथा जयनगर बाजारपारा में विराजित गणपति प्रतिमाओं का भव्य शोभायात्रा और आतिशबाजी के बीच शनिवार को रेण नदी में विधिवत विसर्जन किया गया, इसके साथ ही दस दिनों तक चले गणेशोत्सव का मंगलमय समापन हुआ,शनिवार को शाम ढलते ही विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से शुरू हुई, विभिन्न मोहल्लों से निकलती झांकियां ढोल-ढमाकों,डीजे की धुन और गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से गूंज उठीं। रंग-बिरंगी रोशनी और पटाखों की चमक से पूरा नगर जैसे जगमगा उठा,श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक सड़कों पर उमड़ती रही, रेड़ नदी तट पर पहुंचने के बाद प्रतिमाओं का क्रेन की मदद से विधिवत विसर्जन किया गया, प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी की थी,नदी किनारे पुलिस बल तैनात रहा,वहीं किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की टीम भी मुस्तैद रखी गई थी,यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर के मुख्य मार्गों पर पुलिस जवान तैनात किए गए थे।ज्ञात हो कि गणपति बप्पा के विसर्जन से पूर्व पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना, हवन और पूर्णाहुति की गई। भक्तों ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच बप्पा से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भावुक माहौल में गणपति को विदाई दी। अनंत चतुर्दशी पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आतिशबाजी, संगीत और जयकारों ने माहौल को अविस्मरणीय बना दिया।

# कर्मचारी से मारपीट, कांग्रेस ने किया मंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पर कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप द्वारा सर्किट हाउस जगदलपुर के कर्मचारी खितेन्द्र पांडे के साथ मारपीट और अपशब्दों के प्रयोग के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने घड़ी चौक पर मंत्री का पुतला दहन करते हुए उनके मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी की मांग की है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि एक ऐसा व्यक्ति जो एक कर्मचारी की भावना को नहीं समझ पा रहा है, उंसे प्रताड़ति कर रहा है, उसे जातिसूचक गाली दे रहा है को प्रदेश सरकार में मंत्रिपरिषद में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस मुख्यमंत्री से इनकी तत्काल बर्खास्तगी की मांग करती है। कांग्रेस ने बताया कि शनिवार शाम की इस घटना में मंत्री द्वारा सर्किट हाउस के कर्मचारी पर यह आरोप लगाते हुए कि उसने कमरे नहीं खोले उसके साथ मारपीट की और मां-बहन की गालियों के साथ जातिसूचक गालियां दी गई। पुलिस को दिए दिये अपने आवेदन में इस कर्मचारी ने यह जिक्र किया है कि कमरे खुले हुए थे और वो नाश्ता बनाने गया हुआ था। इसके बावजूद मंत्री के द्वारा उंसे थप्पड़ों के साथ ही जूतों से भी मारा गया। इस दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, दुर्गेश गुप्ता, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, श्रीमती सीमा



सोनी, संजीव मंदिलवार, रसीद अहमद, गीता प्रजापति, अनूप मेहता, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, शंकर प्रजापति, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, निक्की खान, आशीष जायसवाल, आशीष शील, प्रीति सिंह, विष्णु सिंहदेव, जीवन यादव, अविनाश कुमार, परवेज आलम गांधी, शकीला सिद्धकी आदि मौजूद थे।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दी तीखी प्रतिक्रिया

इस घटना पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ट्विटर पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है कि यह घटना सत्ता के अहंकार और असंवेदनशीलता को उजागर करता है। उन्होंने सवाल उठाया है कि भाजपा सरकार में कर्मचारियों की इज्जत और सुरक्षा मायने नहीं रखती। जब कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो जनता क्या सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में जनता की सेवा करने वालों के साथ दुर्व्यवहार अस्वीकार है। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से पूछा है कि ऐसे मंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी या सत्ता के दबाव में मामले को दबा दिया जाएगा।

### कुमदा में अवैध पेड़ कटाई के दौरान हाईटेंशन तार पर गिरी बड़ी टहनी

**बिश्रामपुर।** रविवार को कुमदा सिविल ऑफिस के पीछे उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने अवैध रूप से पेड़ काटा और वह सीधे हाईटेंशन लाइन पर जा गिरा,सोमवार को मरम्मत कार्य पूरा होने की बात कही जा रही है,गौरतलब है कि एसईसीएल की लीज भूमि पर प्रबंधन द्वारा लगाए गए यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई इन दिनों युद्धस्तर पर चल रही है।अलग अलग गुट के लोगों द्वारा कथित रूप से प्रबंधन व सुरक्षा अमले की मिलीभगत से अवैध पेड़ कटाई का कार्य किया जा रहा है,घटना से न केवल बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई बल्कि उद्योग से जुड़े कार्यों को भी बाधित कर दिया,स्थानीय लोगों कहना है कि आखिर बिना रोक-टोक पेड़ों की अवैध कटाई कैसे और किसकी सह पर हो रही हो रही है, यह एक बड़ा सवाल है।सड़क पर पेड़ व हाइटेंशन लाइन के टूटकर गिरने से आवागमन बाधित हो गया।

## पेज 1 के शेष...

### यंग लीडर अवार्ड...

यंग लीडर अवार्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के एसबीसी विशेषज्ञ अभिषेक सिंह, उरला इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में प्रदान किया गया। अंचल कुमार ओझा ने कहा कि 2014 से लगातार इस पर संस्था के पदाधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की बहनों, विभिन्न स्कूल व कॉलेज से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं के निःस्वार्थ भाव से किए जा रहे प्रयास का नतीजा है की हम सरगुजा जिले में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक गांवों में माहवारी स्वच्छता पर कार्य कर रहे हैं। बलरामपुर व सूरजपुर जिले में भी हम दो से तीन ब्लॉकों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर हम अच्छी स्थिति में कार्य कर रहे हैं। सभी के सामुहिक प्रयास का ही नतीजा है की माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर संस्था को निरंतर विभिन्न स्थानों पर यह सम्मान प्राप्त होता रहा है।

### महाबीरगंज बस्ती में करंट...

रहा दंतैल शुक्रवार को रामानुजगंज जंगल में दाखिल हुआ था। वनकर्मी एवं क्षेत्रवासी शनिवार को पूरे दिन दंतैल के बसकरिया जंगल में भ्रमण करने एवं कुछ ग्रामीणों द्वारा वीडियों बनाने का दावा कर रहे हैं। इसके बाद दंतैल कब और किस मार्ग से महावीरपुर पहुंचा इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। रात्रि 9 बजे महाबीरपुर निवासी रामबरन कोड़ाकू आ.स्व. जोखन कोड़ाकू के घर पास दंतैल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा होने की सूचना पर वन अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे एवं प्रारम्भिक जांच पड़ताल शुरू की। जिस स्थल पर हाथी का शव पड़ा है वहां आसपास में विद्युत लाइन नहीं है। जंगल के किनारे रामवरन कोड़ाकू सहित अन्य 5-6 घर हैं। विद्युत अधिकारियों की जांच में रामबरन सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा लम्बी दूरी से हुकिंग कर घरों में बिजली पहुंचाने एवं चोरी की बिजली से घरों को रोशन करने का खुलासा हुआ है। विद्युत अधिकारी भी पूर्व में कई बार हाथियों की सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों द्वारा लम्बी दूरी से तार खींचकर चोरी की बिजली का उपयोग करने एवं विद्युत अधिकारियों द्वारा शिकायत पर संज्ञान नहीं लेने का आरोप लगा रहे हैं।

**दंतैल ने पटककर भैंस को मारा-** वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम बरवाली में बीती रात जमकर तबाही मचाई। दल के 12 हाथी खेतों में धान व मक्का की फसल से अपनी भूख मिटा रहे थे जबकि एक दंतैल बस्ती में घुसकर गलियों में घूमने लगा। दंतैल को घूमते देख ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथी ने खूंटे से बंधी एक भैस को पटक दिया जिसके घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। हाथी आए दिन ग्राम बरवाली में पहुंचकर तबाही मचा रहे हैं।

# गोबरी नाला पर अस्थायी रपटा निर्माण का कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

- अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

**अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड की जीवनरेखा कही जाने वाली गोबरी नदी पर निर्माणाधीन अस्थायी रपटा पुल का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का विस्तार से जायजा लेते हुए लोक निर्माण सेतु विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण में तेजी लाई जाए और कार्य को हर हाल में शीघ्र पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने पुल निर्माण में लगे तकनीकी अमले और जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनहित से जुड़ा हुआ है और इसकी प्राथमिकता सर्वोच्च स्तर पर है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं



की जाएगी। गौरतलब है कि भारी वर्षा के कारण दो माह पूर्व गोबरी नाला का पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते खुटरापारा, डबरीपारा, गंगोटी, बांसापारा सहित 10 से अधिक ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीण आवागमन में कठिनाई का सामना कर रहे थे। रोजमर्रा की जरूरतें, बच्चों की शिक्षा और मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से भी चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि अस्थायी रपटा निर्माण शीघ्र ही पूर्ण होगा, जिससे आवागमन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर बराबर ध्यान दिया जाए। अस्थायी रपटा पुल के शीघ्र तैयार हो जाने से डुमरिया से गंगोटी मार्ग पर यातायात बहाल होगा और हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# लुत्ती बांध के प्रभावितों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- सर्व आदिवासी व खैरवार समाज ने किया प्रदर्शन, चक्का जाम

लुत्ती बांध हादसे में जान गवाने वाले सात लोगों को मुआवजा देने सहित दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के साथ ही खैरवार समाज ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम के नाम पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि तातापानी के समीप स्थित ग्राम धनेशपुर स्थित लुत्ती बांध 2 सितम्बर की रात फूट गया था। बांध फूटने से आए सैलाब में तीन घर बुरी तरह से चपेट में आ गए थे। इस घटना में 61 वर्षीया बतसिया पति राम वृक्ष, उसकी गर्भवती बहुओं 35 वर्षीया चिंता पति सजीवन सिंह, 38 वर्षीया रजन्ती पति गणेश सिंह और 6 वर्षीया प्रिया आ. सजीवन, 6 वर्षीय बालक कार्तिक आ. गणेश, 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह व



मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

3 वर्षीया वंदना सिंह की मौत हो गई थी। इसके साथ ही किसानों की फसल तबाह हो गई। मवेशी बाढ़ में बह गए। इस घटना को लेकर खैरवार समाज के साथ ही सर्व आदिवासी समाज ने रविवार को आर्थिक नाकेबंदी और चक्का जाम का आयोजन किया गया। तातापानी में समाज के लोगों ने एक घंटे तक धरना प्रदर्शन करने के साथ ही चक्का जाम किया। इस चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समझाईस देकर मामला शांत कराया। इस दौरान समाज की ओर से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। आदिवासी समाज व खैरवार विकास परिसद की मांग है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को जांच करने तत्काल निलंबित करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक मृतक परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं घायल को कम से कम पांच पांच लाख रुपये प्रदान किया जाए। एक ही घर में 6 सदस्यों का परिवार खत्म हुआ है उनमें से एक लड़की बच्ची व दो बेटे बचे हैं उन सदस्यों को चतुर्थ श्रेणी का नौकरी दिया जाए। दुर्घटना में कई लोगों का घर बह गया कुछ लोगों का घर पानी घुसने से घर रहने लायक नहीं रहा जिनका घर टूट कर बर्बाद हुआ उनका घर प्रशासन तत्काल निर्माण करके दे। ग्राम लुत्ती का बांध टूटने से पूरे गांव का जल स्त्रोत खत्म हो गया है जिससे वहां का आजीविका बचाने के लिए बांध का पुनर्निर्माण का तत्काल प्रारंभ किया जाए। खैरवार आदिवासी विकास परिषद एवं सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो प्रभावित ग्राम वासियों एवं जन सामान्य व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज से अमित कुमार सिंह, खैरवार समाज से अमित कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, शिव कुमार सिंह, ठाकुर सिंह, उमेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### पांचवे दिन भी नहीं मिली बच्ची की लाश

लुत्ती बांध हादसे में कुल सात लोगों की मौत हुई है। इनमें से अब तक छह लोगों की लाश बरामद कर ली गई है। शनिवार को बुजुर्ग 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह का शव खेत में मिला था जबकि अभी भी लापता 3 साल की बच्ची वंदना सिंह की लाश नहीं मिल पाई है। बच्ची के लाश की तलाश गांव में जारी है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। एक साथ 7 लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

